प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 05.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

देशभर में आज गुरू नानक देव की 556वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर देशभर के गुरूद्वारों में शबद कीर्तन, गुरूवाणी और लंगर के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। गुरू नानक देव सिख धर्म के दस गुरूओं में पहले गुरू होने के साथ ही सिख धर्म के संस्थापक थे। कार्तिक पूर्णिमा पर प्रत्येक वर्ष गुरू परब मनाया जाता है। इस मौके पर जयपुर के सभी गुरुद्वारों में रोशनी और सजावट की गई है। पूरे परिसर को रंगीन लाइटिंग और फूलों से सजाया गया है। कोटा में प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों में दीवान सजाये गये है। रागीजत्थों द्वारा कीर्तन और संगत की जा रही है। वहीं भीलवाडा के सिंधु नगर स्थित गुरुद्वारा सहित सभी गुरुद्वारों में विशेष धार्मिक आयोजन किये जा रहे है। इस अवसर पर गुरूमत प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरू नानक जयंती पर सभी को शुभकामनाएं दीं।

0000

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज देशभर में देव दिवाली मनाई जा रही है। इस अवसर पर मंदिरों में दीपमालाएं सजायी जायेंगी। सुबह से ही धार्मिक आयोजन शुरू हो गए है। सरोवरों पर श्रद्धालु पवित्र स्नान कर मंदिरों में पूजा अर्चना कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में सभी को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सभी देशवासियों के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की है। श्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि पवित्र स्नान, दान, आरती और पूजा–अर्चना से जुड़ी पवित्र परंपरा सभी के जीवन को आलोकित करे। जयपुर के गलता जी में सुबह से ही श्रद्धालु स्नान के लिए उमड रहे है। यहां आज मेला भी भरेगा। शाम को दीप दान किया जायेगा।

अजमेर के पुष्कर सरोवर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। सरोवर के सावित्री घाट पर कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने पूजा अर्चना कर राज्य में सुख समृद्धि की कामना की और इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी वीसी के माध्यम से जुड़े। आज पुष्कर मेले का पंचतीर्थ के आखिरी स्नान के साथ औपचारिक समापन भी हो गया है। सवाई–माधोपुर जिले में इस अवसर पर आज रामेश्वर घाट स्थित त्रिवेणी संगम में स्नान, दान–पुण्य और दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उधर बाड़मेर में आज देव दिवाली पारंपरिक श्रद्धा और आस्था से मनाई जा रही है। भीलवाड़ा के शाहपुरा क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध धानेश्वर तीर्थ स्थल त्रिवेणी संगम पर आज एक दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर प्रशासन ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की है।

00000

बीकानेर के कोलायत में श्री कपिल मुनि मेले में जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेल्वे विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि बीकानेर–कोलायत–बीकानेर के बीच तीन जोड़ी अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलेंगी। इनमें से दो ट्रेनें आज, जबकि एक ट्रेन कल चलेंगी। ये स्पेशल ट्रेनें बीकानेर से चलकर लालगढ़ और गजनेर स्टेशनों पर भी रुकेंगी।

0000

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राज्यभर में देशभक्ति और स्वदेशी भावनाओं को सशक्त करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके तहत भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर 10 से 15 नवंबर तक सभी सरकारी दफ्तरों, विद्यालयों, कॉलेज, अस्पतालों और पुलिस थानों में कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी, रैली, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। अलवर में 7 से 15 नवंबर तक राष्ट्रीय एकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें। इसके तहत प्रभात फैरी, बाईक रैली, विद्यालयों में सामूहिक गायन और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मानित भी किया जायेगा।

00000

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। पश्चिमी विक्षोभ के असर के बाद आज से चली उत्तरी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। राज्य के कई शहरों में आज सुबह कोहरा देखने को मिला। सुबह से छाये घने कोहरे के कारण यातायात के साथ आमजनजीवन पर भी इसका असर रहा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के अधिकांश भागों में आज से आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने तथा उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सैल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

0000